# ग्रेटर नोएडा में NSDC अंतरराष्ट्रीय अकादमी का उद्घाटन

## चर्चा में क्यों?

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री ने उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में **NSDC अंतरराष्ट्रीय अकादमी** का उद्घाटन किया।

## मुख्य बिंदु

- **अकादमी के बारे में:**
  - यह अकादमी अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है, जिसे विश्व स्तरीय कौशल विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
  - यह अकादमी भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) के तहत राष्ट्रीय **कौशल विकास निगम (NSDC) की प्रमुख पहल है,** जो विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण और प्रमाण-पत्र प्रदान करके भारत के कार्यबल के कायाकल्प के लिये समर्पित है।
  - **यह संस्थान विदेशी भाषाओं, स्वास्थ्य देखभाल, रोज़गार कौशल और विमानन सहित** विभिन्न क्षेत्रों में विशेष पाठ्यक्रम प्रदान करेगी।
- **उद्देश्य:**
  - भारतीय युवाओं और वैश्विक रोज़गार अवसरों के बीच अंतर को पाटना।
  - उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में काम करना, जिससे जर्मनी, जापान और इज़रायल जैसे देशों की कौशल मांगों के अनुरूप विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराना।
  - नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना।

# प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना

## आरंभ

- युवाओं को प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से इस योजना का **शुभारंभ वर्ष 2015** में किया गया था।
- यह **कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE)** का प्रमुख कार्यक्रम है तथा इसे राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।
- इस योजना ने **पिछली मानक प्रशिक्षण आकलन एवं पारितोषिक (Standard Training Assessment and Reward-STAR) योजना का स्थान लिया था।**

## उद्देश्य

- बड़ी संख्या में भारतीय युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना, रोज़गार प्राप्त करने योग्य बनाकर जीविकोपार्जन के लिये सक्षम बनाना और इसके लिये प्रेरित करना।
- प्रमाणन प्रक्रिया में मानकीकरण को प्रोत्साहन देना और कौशल पंजीकरण की प्रक्रिया की शुरुआत करना।
- वर्तमान में मौजूद श्र**मबल को बढ़ाना और आवश्यकतानुसार लोगों को प्रशिक्षित करना।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-nsdc-international-academy-in-greater-noida